तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 10. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 12 जनवरी 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में 'स्वदेशी परियोजना' की मिली मंजूरी

4



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर विविध आयोजन आज

**चांपा**। स्वामी विवेकानंद की जयंती सोमवार 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाई जाएगी। इस मौके पर छग नागरिक सुरक्षा फाउंडेश्न की स्थानीय इकाई सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा की नगर इकाई द्वारा विविध आयोजन किए जाएंगे। छग नागरिक फाउंडेशन द्वारा सरस्वती सेवा मंडल के सहयोग से सरस्वती शिशु मंदिर उच्तर माध्यमिक विद्यालय के भगिनी निवेदिका कक्ष में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक शैक्षिक रक्त परीक्षण एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। फेडरेशन के गोपाल मित्तल एवं धनेश्वरी जागृति ने लोगों से शिविर में शामिल होकर रक्त परीक्षण कराने की अपील की है। इसी तरह भारतीय जनता युवा मोर्चा चांपा मंडल अध्यक्ष गिरीश मोदी ने बताया कि 12 जनवरी को सुबह 10 बजे से गौरव पथ स्थित विवेकानंद उद्यान में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई जाएगी।

### जर्वे-पिसौद मुख्य मार्ग बना परेशानी का सबब

**जांजगीर-चाम्पा**। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत जर्वे से पिसौद बिरगहनी एवं पीथमपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क बद से बदतर हो चली है, जिसके चलते इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चे एवं स्टाफ को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जर्वे मुख्य मार्ग में स्कूल के पास से खराब हुआ मार्ग गांव के अंतिम छोर तक जाता है। ऐसे में लोगों को गंदगी युक्त मार्ग से होकर आवाजाही करने की मजबूरी बनी रहती है।

### सिंघरा के उपतहसील में शुक्रवार को होगा कार्यों का संपादन

**मालखरौदा**। मालखरौदा तहसील के ग्राम सिंघरा में उपतहसील में कार्यों का संपादन प्रत्येक शुक्रवार को किया जाएगा। तहसील मालखरौदा क्षेत्रांतर्गत किरारी, बडेमुड़पार, तुलसीडीह, सिंघरा, परसाडीह एवं चांटीपाली, खेमड़ा, बेल्हाडीह, कनाईडीह, खर्री को सम्मिलित करते हुए ग्राम सिंघरा उपतहसील का अस्थायी संचालन हेतु अनुज पटेल, तहसीलदार मालखरौदा को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रत्येक शुक्रवार को उक्त उपतहसील का संचालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### दुर्घटना की रोकथाम के लिए लगाया स्टॉपर व हाईमास्क लाइट

**बिर्रा**। बिर्रा से डभरा चंद्रपुर रोड में राज्य मार्ग में ग्राम घिवरा के पास बीते दिनों हुए सड़क हादसे के बाद पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम किए है। लोडेड ट्राली को रात्रि में पर्याप्त रोशनी देने के लिए पुलिस थाना बिर्रा के थाना प्रभारी निरीक्षक जयकुमार साहू के द्वारा 3 नग हाई हेलोजन लाइट लगाया गया है। इसके साथ ही पुलिस स्टॉपर रेडियम ड्रम भी रखा गया है। थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जयकुमार साहू के द्वारा दुर्घटना की रोकथाम के मद्देनजर सुरक्षा के लिए व्यवस्था बनाई गई है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिए आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा**। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आगामी सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक एवं पात्र आवेदक अनिवार्य रूप से शुक्रवार 30 जनवरी तक संबंधित परियोजना कार्यालय में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। योजना के अंतर्गत पात्रता की शर्तों के अनुसार कन्या की आयु न्यूनतम 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। एक परिवार की अधिकतम दो बेटियां इस योजना का लाभ ले सकती हैं।

## घंटों स्टेशन पर बैठकर ट्रेन आने का इंतजार करते रहे यात्री

# तिल्दा-नेवरा सेक्शन में गर्डर लॉन्चिंग कार्य के चलते कई लोकल ट्रेने हुई रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत तिल्दा नेवरा सेक्शन में रेल प्रशासन द्वारा गर्डर लॉन्चिंग कार्य कराया जा रहा है, जिसके कारण जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाले कई लोकल ट्रेन कैंसिल की गई है। ऐसे मे रेल यात्रियों की दिक्कतें बढ़ गई है।

गौरतलब है कि जांजगीर जिले कीजांजगीर-चांपा एवं अकलतरा प्रमुख रेलवे स्टेशन है। इन दोनों दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत तिल्दा नेवरा अंडर में लॉन्चिंग कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण जांजगीर से होकर गुजरने वाली चार से अधिक लोकल ट्रेनों को कैंसिल किया गया है, जिन ट्रेनों को कैंसिल किया गया है उनमें गेवरा रोड बिलासपुर, बिलासपुर गेवरा रोड, कोरबा रायपुर एवं रायपुर कोरबा सहित गई अन्य पैसेंजर को कैंसिल किया गया है, जिसके कारण रेल यात्रियों की दिक्कत है बढ़ गई है। गर्डर लॉन्चिंग कार्य को लेकर ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक का काम किया जाता है। ऐसे में रेल यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है वहीं इसके कारण हावड़ा-अहमदाबाद, हावड़ा मुंबई मेल, दुर्ग-आरा राजेंद्र साउथ बिहार एक्सप्रेस, टाटा-बिलासपुर,




प्लेटफार्म पर खड़े होकर ट्रेन आने का इंतजार करते यात्रीगण।

आजाद हिंद सुपरफास्ट समेत कई बड़ी ट्रेन घंटे विलम से चल रही है, जिसके कारण रेल यात्रियों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। चांपा, अकलतरा एवं जांजगीर रेलवे स्टेशन के माध्यम से आसपास के गांव के बड़ी संख्या में लोग ट्रेन के माध्यम से बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा नागपुर, रायपुर, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता सहित अन्य महानगरों की ओर आवाजाही करते हैं। ऐसे में ट्रेनों के घंटे विलंब होने से रेल यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसा भी नहीं की रेल यात्रियों को हो रही परेशानी को लेकर जिम्मेदार रेल प्रशासन के अधिकारियों को किसी तरह का कोई सरोकार तक नहीं है ।

**रैंप की समुचित व्यवस्था नहीं-** जांजगीर जिले के सबसे प्रमुख रेलवे स्टेशनों में से एक जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में दिव्यांग रेल यात्रियों के सुविधाओं को ध्यान में रखकर रैंप की व्यवस्था की जानी है ताकि उन्हें उतरने चढ़ने के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी ना हो लेकिन इसके लिए भी रेलवे प्रशासन की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसका नुकसान दिव्यांग लोगों को ट्रेन में चढ़ने एवं उतारने के दौरान होती है। इस तरह की परेशानी जांजगीर सहित आसपास के गांव से ट्रेन चढ़ने के लिए पहुंचे दिव्यांग जनों को होती है, जबकि रेल प्रशासन के द्वारा रेल यात्रियों के माध्यम से हर महीने लाखों रुपए की कमाई भी की जाती है।

**देते हैं सूचना**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत तिल्दा नेवरा क्षेत्र में लॉन्चिंग कार्य चल रहा है, जिसके कारण कई लोकल ट्रेन कैंसिल की गई है। इस बात की सूचना रेल यात्रियों को दी जाती है।

-अंबिकेश साहू,
जनसंपर्क अधिकारी
रेलवे जोन बिलासपुर

# रात के अंधेरे में अवैध परिवहन, पांच ट्रैक्टर से 750 कट्टी धान जब्त

## उपार्जन केन्द्र में अंतिम समय में गड़बड़ी रोकने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

धान खरीदी के अंतिम दिनों में उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान की आवक को रोकने प्रशासन की टीम मुस्तैद हो गई है। वहीं अवैध धान खपाने वाले भी पूरी तरह से सक्रिय है। रात के अंधेरे में पांच ट्रैक्टर में 750 कट्टी धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था। राजस्व विभाग की टीम द्वारा ट्रैक्टरों को पकड़कर जब्ती की कार्रवाई की गई है।

अवैध धान परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा विनय कश्यप के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जनवरी को रात्रि लगभग 2 बजे देवरघटा से धुरकोट मार्ग की ओर एक साथ पांच ट्रैक्टरों में धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था। जांच दल ने मौके पर पहुंचकर पांचों ट्रैक्टरों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान पाया गया कि पांचों ट्रैक्टरों में लगभग 150-150 कट्टी धान लोड किया गया था, जिसके संबंध में वाहन चालकों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। टीम द्वारा पांचों ट्रैक्टरों को अवैध धान परिवहन करते हुए जब्त कर लिया गया। सुरक्षा की दृष्टि से जब्त किए



जब्त किया गया ट्रैक्टर में लोड धान।

गए पांचों ट्रैक्टरों को चौकी फ़गुरम में सुरक्षार्थ रखा गया है। अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि अवैध धान परिवहन के इस मामले में नियमानुसार पंचनामा तैयार कर लिया गया है तथा संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक जांच करते हुए आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि में अवैध परिवहन एवं भंडारण के मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस प्रकार की कार्यवाहियां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी। इस कार्यवाही में तहसीलदार डभरा मनमोहन प्रताप सिंह, पटवारी हरमेन्द्र वारे, देव कश्यप एवं राजेंद्र चन्द्रा, लखन पूरी, चितरंजन सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की संयुक्त टीम शामिल थी।

### राजस्व व मंडी विभाग की टीम ने पकड़ा अवैध धान

तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम पोरथा निवासी मुकेश राठौर से लगभग 400 बोरी (कुल 150 क्विंटल) धान जप्त किया गया। इस कार्यवाही में तहसीलदार सक्ती विद्याभूषण साव, मंडी निरीक्षक ओम गोड एवं मंडी सचिव प्रेम भारद्वाज सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की संयुक्त टीम उपस्थित रहे। इसी क्रम में तहसीलदार जैजैपुर के नेतृत्व में विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। तहसीलदार से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 जनवरी 2026 को सुबह 5 बजे एक ट्रेक्टर में 150 बोरी धान व एक मासदा वाहन में 150 बोरी धान कुल 300 बोरी धान ग्राम खुरानी एवं दतौद में अवैध धान परिवहन करते पाया गया। दोनों वाहन में लगभग 150-150 कट्टी धान लोड किया गया था।



आग बुझाने का प्रयास करती दमकल की टीम।

# पैरावट में लगी आग, 22 ट्रीप पैरा जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद

ग्राम डोंगाकोहरौद में दो किसान के खरही में अचानक आग लग गई। आगजनी से 22 ट्रिप पैरा जलकर खाक हो गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

ग्राम पंचायत डोंगाकोहारौद के किसान राजाराम पटेल का 14 ट्रीप पैरा एवं मनीराम कश्यप का 8 ट्रीप पैरा खलिहान में रखा था। रविवार 11 जनवरी को अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि पैरावट के पास बने घर की ओर बढ़ने लगी। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरु किया, वहीं दमकल को भी सूचना दी गई। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों और दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। दमकल गाड़ी पहुंचने से पहले लोगों ने पानी की कमी के बाद भी अपने घरों से पानी ले जाकर आग को बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों मुस्तैदी से बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने आग लगते ही उसको रोकने का प्रयास शुरु कर दिया। पैरा की खरही के पास धान भी रखा था, वहीं कुछ ही दूरी पर मकान भी थे। समय रहते ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग को फैलने से रोक लिया नहीं तो आग भीषण हो सकती थी और बड़ी हानि हो सकती थी।

### तालाब किनारे बरगद के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**जांजगीर चांपा**। जांजगीर सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खोखरा में तालाब किनारे बरगद के पेड़ में फंदे पर लटकता एक युवक का शव मिला है। मृतक युवक की शिनाख्त 19 वर्षीय उज्ज्वल सूर्यवंशी के रुप में की गई है। जानकारी के अनुसार युवक का शव उसके घर से महज 20 मीटर की दूरी पर तालाब किनारे बरगद के पेड़ में लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हडक़ंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

# अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई, जेसीबी व ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने दहिदा रेत घाट में छापामार कार्रवाई की। दबिश के दौरान जेसीबी और ट्रैक्टर से रेत की अवैध खुदाई की जा रही थी। टीम ने वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की है। रेत के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। अवैध उत्खनन व परिहवन पर कार्रवाई के लिए संयुक्त टीम बनाई गई है। राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध दहिदा में कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम ने



जब्त की गई जेसीबी मशीन।

तहसील नवागढ़ अंतर्गत ग्राम दहिदा स्थित रेत घाट में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन में संलिप्त एक जेसीबी मशीन एवं एक ट्रैक्टर को जब्त किया। जब्त किए गए दोनों वाहनों को थाना नवागढ़ में सुपुर्द किया गया है। खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन करने वालो के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत कार्यवाही की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के विरुद्ध आगे भी निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### पिरदा में बने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क पर दिनरात दौड़ रहे भारी वाहन



**मालखरौदा**। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क 10 से 12 टन तक की क्षमता वाले वाहनों के आवागमन के लिए बनाई गई है। यहां नियमों को दरकिनार कर 35 से 40 टन की राखड़ गाड़ियां दौड़ाई जा रही है। अधिकारियों के उदासीनता के कारण पिरदा में बनी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क में राखड़ गाड़ियां बेखौफ होकर दौड़ रही है। गांव के सड़क में मौत बनकर चल रहे इन वाहनों के चलते लोगों का चलना मुश्किल हो रहा है। पिरदा से जोगीडीपा तक की सड़क को प्रधानमंत्री सड़क में जोड़ने के लिए सालों से उठ रही मांग पर आज तक पक्की सड़क नहीं बन पाई है। दूसरी ओर मुश्किलों से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी अमलीडीह – पिरदा मार्ग चल रही राखड़ गाड़ियां के भेट चल रहा है।



प्रदर्शन करते डॉ. महंत व कांग्रेस कार्यकर्ता।

## विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत के नेतृत्व में हुआ आंदोलन

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में उपवास रख कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मनरेगा का नाम बदलने से नाराज कांग्रेस ने जांजगीर चाम्पा जिले में आज मनरेगा बचाओ संग्राम का आगाज किया। जिला मुख्यालय जांजगीर के अम्बेडकर प्रतिमा प्रांगण में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम कर विरोध दर्ज कराया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया।

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस ने आगे गांव गांव में प्रदर्शन करने और सड़क से सदन तक आंदोलन करने की योजना कांग्रेस ने बनाई है। इसका आगाज रविवार 11 जनवरी को जिला मुख्यालय जांजगीर में एक दिवसीय उपवास के साथ किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपवास




अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर प्रदर्शन करते नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस कार्यकर्ता।

प्रारंभ किया गया। उपवास प्रदर्शन जांजगीर के बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त कार्यक्रम के समन्वयक विजय केशरवानी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा और श्रीमती मंजू सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार पर मनरेगा योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया गया। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मनरेगा के बजट में की जा रही कटौती को तुरंत बंद किया जाए। साथ ही मजदूरों को समय पर और पूरा भुगतान सुनिश्चित करने की अपील भी की गई। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया। उपवास कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार, प्रदेश सचिव गिरधारी यादव, रफीक सिद्दीकी, शिशिर द्विवेदी, मदनलाल अग्रवाल, नागेंद्र गुप्ता, किशन सोनी, संदीप यादव, ब्लॉक अध्यक्षगण सुनील साधवानी, रविंद्र शर्मा, चिंताराम राठौर, नवल सिंह ठाकुर, गोविंद कश्यप, शत्रुघ्न दास महंत, महेश्वर टंडन, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मनरेगा नाम वापस नहीं होने तक जारी रहेगा आंदोलन : डॉ.महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला कॉग्रेस कमेटी सक्ती द्वारा बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा स्थल स्टेशन रोड में एक दिवसीय उपवास प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मनरेगा के नाम बदले जाने के विरोध में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत के नेतृत्व में आंदोलन हुआ। इस दौरान डॉ. महन्त ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की तैयारी कर चुकी है। इसके विरोध में कांग्रेस आगामी दिनों में चरणबद्ध आंदोलन करेगी। उन्होंने ने कहा गरीबों को रोजगार दिलाने के लिए मनरेगा जीवनदायनी योजना थी। चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, जिला संयोजक प्रशांत मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रश्मि गबेल सहित जिले से आए हुए पदाधिकारी के उपस्थिति में आबेडकर चौक में एक दिवसीय उपवास धरना प्रदर्शन किया गया। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने कहा एक दिवासीय ग्रामीण रोजगार कानून मनरेगा को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मनरेगा को कमजोर करने और कथित रूप से 'वीबी-जी राम जी' कानून लागू करने के विरोध में कांग्रेस ने आज सुकमा जिला मुख्यालय में एकदिवसीय उपवास के साथ प्रतीकात्मक आंदोलन 'मनरेगा बचाओ संग्राम' की शुरुआत की। यह आंदोलन 25 फरवरी तक लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर मेनका जायसवाल, जिला विधायक प्रतिनिधि गुलजार सिंह ठाकुर,पूर्व जिलाध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल, महबूब खान, आनंद अग्रवाल, जिला विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य सरोज डड़सेना, गीता देवांगन, विजया जायसवाल, राइस किंग खुंटे राकेश रोशन महंत भुरू अग्रवाल, लाला सोनी, पिन्टू ठाकुर, महबूब भाई, प्रताप चंद्रा, राजेश खूंटे, कलावती सांडे, रोहित यादव, उमेश यादव, अमित राठौर, पीयूष राय, मनोज जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अब नहीं होंगे...

कटे हुए गले, चिथड़े हुए शरीर, बिखरे हुए शव, अब नहीं होंगे...गोलियों से छलनी सीना,बारूद से उड़े पैर, स्पाइक से बिंधे तलुए, अब नहीं होंगे...



खून से सनी सड़कें, वायर बिछी हुई राहें, टूटे हुए पुल, अब नहीं होंगे...हवा मे बारूद की गंध, पेड़ों पर धोखे का समान, पानी मे जहर, अब नहीं होंगे... बूढ़ी मां के सूखे आंसू, पत्नी की चित्कार, बाप का गुमसुम चेहरा, अब नहीं होंगे...बच्चों के फुले हुए पेट, कांवर मे आते हुए बीमार, इलाज की लाचारी, अब नहीं होंगे... 100 जगह कटी हुई सड़क, टूटे हुए स्कूल, ध्वस्त बिजली के खम्भे, अब नहीं होंगे...साल के पत्तों की सरसराहट, हवा मे महुए की खुश्बू, झरने के गिरने का दृश्य, अब होंगे...

- जांजगीर-चांपा एसपी विजय कुमार पांडेय ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र पर उक्त रचना लिखी है। उन्होंने लंबे समय तक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मोर्चा संभाला था। बदलते हालात पर उन्होंने कविता लिखी है।

स्कूलो से आती पहाड़े की आवाज़े, राहों मे चलते पहिये, रोशन होते गांव, अब होंगे...निर्भय घूमते लोग, पुस्तक पकड़े बच्चे, मुस्कराती माताएं, अब होंगे...

### रेंकी में छात्राओं को किया गया साइकिल का वितरण



**हरदीबाजार।** शासकीय हाईस्कूल रेंकी में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की 30 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे। इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर सरपंच तीजराम उर्रे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, उपसरपंच शिव नारायण यादव, दिलीप पटेल मन्नु राठौर, राजकुमार यादव, प्राचार्य श्रीमती एनके सिद्धकी, शिक्षक व्यास नारायण दिवाकर, किशोर कुमार दिव्य सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा हरदीबाजार मंडल की बैठक



**हरदीबाजार।** भाजपा प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी पि.वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. विजय राठौर ने हरदी बाजार मंडल का बैठक लिया। जहां मंडल पदाधिकारियों ने डॉ.विजय राठौर को साल श्री फल भेंट कर सम्मानित किया। डॉ विजय राठौर ने भारतीय जनता पार्टी में दायित्व मिलने पर जिला नेतृत्व और भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया और अपने उद्बोधन में पार्टी के रीति-निति के विषय में विस्तार से बताया।इस अवसर पर मुकेश जायसवाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कृष्णा पटेल मंडल अध्यक्ष, जगदीश अग्रवाल वरिष्ठ नेता, भुनेश्वर राठौर वरिष्ठ नेता, तुंगन पटेल ने महामंत्री किसान मोर्चा, बजरंग यादव मंडल उपाध्यक्ष, ब्यास राठौर मंडल कोषाध्यक्ष, दिनेश बाजपेयी, अनुसुईया राठौर, सोनी पटेल, रामबिहारी राठौर, निखिल राठौर उपस्थित रहे।

## निधन

### अमरीका बाई



**बिलासपुर।** नगर पंचायत खरौद जिला- जांजगीर चांपा निवासी अमरीका बाई का 10 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नगर पंचायत खरौद के मांझा पारा शमशान घाट में किया गया। वे रंगनाथ आदित्य की पत्नी और रूप नारायण आदित्य की माता एवं हरनारायण आदित्य, रामकृष्ण आदित्य, वासुदेव आदित्य की चाची थीं।

# पिट लाइन शुरु करने व भोपाल पैसेंजर को कोरबा से चलाने सांसद को सौंपा ज्ञापन

### रेल संघर्ष समिति, चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारी मिले सांसद से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे स्टेशन में बनायी गई पिट लाईन सहित बिलासपुर भोपाल पैसेंजर सहित अन्य बड़ी गाड़ियों को कोरबा से शुरु करने की मांग रेल संघर्ष समिति एवं जिला चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों ने सांसद ज्योत्सना महंत से मिलकर क्षेत्रीय जनता की समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा।

अलग खबर

रेल संघर्ष समिति एवं जिला चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के पद अधिकारियों ने शनिवार को सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत से मुलाक़ात की और रेल समस्याओं को गंभीरतापूर्वक समक्ष रखा। सांसद श्रीमती सांसद ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी रेलवे को पत्र लिखे हैं। आने वाली बैठक में इन मुद्दों पर ज़ोर दिया जाएगा जिससे यह सुविधा कोरबावासियों को मिल सके। रेल संघर्ष समिति एवं जिला चेंबर ऑफ कामर्स ने मांग की है जिनमें पिट लाइन को तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए, गाड़ी संख्या 11701 व 11702 जबलपुर रायपुर, जबलपुर मूकमाटी एक्सप्रेस को कोरबा तक विस्तार किया जाना चाहिए। कोरबा, चम्पा, नैला के यात्रियों के लिए कोई सीधी गाड़ी जबलपुर के लिए नहीं है। गाड़ी संख्या 17841, 17842 तिरुपति बिलासपुर तिरुपति एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा तक यह गाड़ी लगभग 22 घंटे खड़ी रहती है। भोपाल बिलासपुर पैसेंजर 18235 प्राथमिक रखरखाव के बाद गाड़ी संख्या 58212 के समय पर बिलासपुर से कोरबा के मध्य चलाया जाए व गाड़ी संख्या 18236 को सीधा कोरबा से भोपाल पैसेंजर बनाकर चलाया जाए, गाड़ी संख्या 18249, 18250, 18251 एवं 18252 रायपुर कोरबा रायपुर हसदेव एक्सप्रेस का विस्तार दुर्ग तक किया जाए। भिलाई रुकते हुए इससे इस गाड़ी का प्राथमिक रखरखाव दुर्ग में करने में आसानी होगी व यात्रियों और छात्रों को लाभ मिलेगा।

**खास बातें**

- कोरबा-चांपा-जांजगीर जिले से जबलपुर के लिए नहीं है सीधी ट्रेन



### टीबी मरीजों को निक्षय मित्र अंतर्गत वितरित किया पोषण आहार

# टीबी से घबराने की जरूरत नहीं, इलाज संभव : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीबी का उपचार पूरी तरह संभव है, अनुपयोगी खानपान और अस्वास्थ्यकर आदतों के कारण यह बीमारी किसी को भी हो सकती है, लेकिन समय पर जांच और उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार 6 माह तक की नियमित दवा का सेवन आवश्यक है। इसलिए पीड़ित को उपचार अवधि में पूरक पोषण आहार, स्वच्छता और सावधानियों का पालन करना चाहिए ताकि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और इलाज अधिक प्रभावी हो सके।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कलेक्टोरेट में आयोजित टीबी मरीजों को आहार वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में टीबी जैसे रोग को जड़ से मिटाने का अभियान स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संचालित हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निरन्तर प्रयास से प्रदेश में गांव से लेकर शहर तक टीबी सहित अन्य बीमारियों के रोकथाम और उपचार के लिए सतत प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वाजनिक उपक्रमों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में एक सशक्त अभियान चलाया जा रहा है। निक्षय निरामय मित्र के माध्यम से टीबी मरीजों की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में मरीजों की संख्या पहले से घटकर कम हो गई है। आने वाले समय में सभी मरीजों का उपचार होगा और जिला टीबी मुक्त होगा। उन्होंने टीबी मरीजों के बेहतर उपचार में परिवार, समाज और सामाजिक संस्थाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए सहयोग करने की अपील भी की। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, गोपाल मोदी, सीएमएचओ डा एसएन केशरी, क्षय अधिकारी डॉ बीआर रात्रे, अपर कलेक्टर ओंकार यादव, एसडीएम सरोज महिलांगे उपस्थित रहे।



मरीजों को पोषण आहार किट वितरण करते उद्योग मंत्री एवं अन्य।

## सरपंचों व सचिवों पर दबाव बनाकर लिए जा रहे प्रस्तावः मरकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रशासन द्वारा लगभग चार प्रभावित ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों पर दबाव बनाकर जबरन प्रस्ताव लिए जा रहे हैं। इसका मकसद रूंगटा कोल माइंस के लिए भूमि अधिग्रहण की प्राथमिक प्रक्रिया शुरू करना है। क्षेत्र में पहले से ही दो कोयला खदानें संचालित हैं, जिनके कारण पर्यावरण, जल, जंगल और स्थानीय आजीविका पर गंभीर असर पड़ा है। एक और खदान खुलने से आदिवासी समाज का अस्तित्व संकट में आ जाएगा। उक्त बातें विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम ने पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड स्थित पुटी पखना में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) द्वारा आयोजित महापंचायत जन आंदोलन के दौरान कही। विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम के नेतृत्व में आयोजित महापंचायत जन आंदोलन में ग्रामीण आदिवासी शामिल हुए। आंदोलन का मुख्य उद्देश्य वन अधिकार पट्टे की मांग और रूंगटा कोल माइंस खदान के प्रस्तावित विस्तार का विरोध करना था। इस दौरान श्री मरकाम ने चेतावनी दी कि जो ग्राम पंचायतें खदान के लिए सहमति देंगी, उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी जमीन हमारा कोयला है। ग्रामीण ही फैसला करेंगे कि जमीन देनी है या नहीं। पसान तहसीलदार ने जानकारी दी कि खदानों और वन अधिनियम के तहत पट्टे की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया है, जिसे उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा।

**खास बात**

- गोगपा के नेतृत्व में आयोजित किया गया महापंचायत जन आंदोलन

## कोड़ियाघाट में 8 लाख की लागत से बनने वाली पुलिया का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत तिलाईडांड के आश्रित ग्राम कोड़ियाघाट में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत 8 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह कार्य विशेष रूप से बरसात के मौसम में आवागमन की गंभीर समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। भूमिपूजन के दौरान मोहन सिंह एवं सरपंच डिग्पाल सिंह कंवर के नेतृत्व में पूजा-अर्चना किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया निर्माण से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि गांव के समग्र विकास को भी नई गति मिलेगी। लोगों ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी इसी तरह धरातल पर दिखने वाले विकास कार्य होते रहेंगे और कोड़ियाघाट विकास की नई राह पर आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर परसराम, सोहन, मनमोहन, धनसिंह, रामकुमार तंवर, पंच कृष्णा बाई, साधना चौहान, लक्ष्मी सिंह कंवर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



पुलिया का भूमिपूजन करते हुए।

### बीच सड़क में पलटा ट्रैलर बाल बाल बचे लोग

**कोरबा।** टीपी नगर चौक से मानिकपुर जाने के दौरान मुड़ापार रोड में एक ट्रैलर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें चालक को मामूली चोट आई है। वहीं मार्ग से गुजर रहे कई लोग ट्रैलर की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। उल्लेखनीय हैं कि इस मार्ग में रात 10 बजे से भारी वाहनों की नो एंट्री खुल जाती है, आरोप हैं कि ट्रैलर वाहन के चालक रेसिंग कार की तरह अपनी ट्रैलर को भगाते है। यदि कोई इनके गाड़ी के सामने आ गया तो इमरजेंसी में भी ब्रेक लगाना मुश्किल है। घटना सृष्टि हार्डवेयर के सामने की बताई जा रही हैं, जहां ट्रैलर अनियंत्रित होकर पलट गया। यातायात विभाग को ऐसे वाहन चालक के ऊपर कड़ी कार्यवाही करना चाहिए, चूंकि शहर होने की वजह से लोगों की आवाजाही बनी रहती है। वार्डवासियों की मांग है कि

* **कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने संविदा लाइन कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल पर रोक लगा दी है। छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ द्वारा 12 से 14 जनवरी तक तीन दिवसीय सांकेतिक काम बंद हड़ताल की घोषणा की गई थी, जिसे कंपनी प्रबंधन ने प्रतिबंधित कर दिया है। विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन राजेंद्र प्रसाद ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि संविदा कर्मचारी अपनी सेवा शर्तों के अनुसार छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 से शासित हैं और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1968 के अंतर्गत नियंत्रित होते हैं। इन नियमों के तहत कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन, हड़ताल तथा स्वीकृति से पहले अवकाश पर जाना प्रतिबंधित है और इसे कदाचरण की श्रेणी में माना जाता है।

## ड्यूज बाल क्रिकेट में एनटीपीसी ब्लेक पेंथर ने जीता मैच



मंचस्थ अतिथि।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सिंघिया खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

इस टूर्नामेंट में हो रहे मैच में मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा के व्यवसायी राकेश धनोंदिया, टूर्नामेंट के संरक्षक अजय धनोंदिया, सरपंच, प्राचार्या, कोच विशाल दुबे व आयोजक मनोज दुबे मंचस्थ रहे। मंचस्थ अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया गया। इस दौरान राकेश धनोंदिया ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का नाम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विद्यालय है। जो खिलाड़ी मैदान में संघर्ष करना सीख लेता है, वही जीवन की हर चुनौती का सामना कर सकता है। मेहनत, ईमानदारी और लगन से खेलेंगे तो निश्चित रूप से आप जिला, राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर सरपंच ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिंघिया जैसे छोटे कस्बे में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करना अपने आप में बड़ी बात है। इससे ग्रामीण और कस्बाई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। शनिवार को खेले गए मैच में एनटीपीसी ब्लेक पेंथर एवं वीडब्लूसीसी बिलासपुर के मध्य खेला गया। जिसमें एनटीपीसी ब्लेक पेंथर ने शानदार जीत हांसिल की। मैच में मैन आफ द का पुरस्कार पटेल को दिया गया।

## न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल में अंतर विद्यालय समूह नृत्य प्रतियोगिता

**कोरबा।** न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल, कोरबा के भव्य सभागार में 9 जनवरी को अंतर-विद्यालय समूह नृत्य प्रतियोगिता का अत्यंत सफल एवं रंगारंग आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की थीम स्पंदन रखा गया था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के भावों, संस्कृति, ऊर्जा और रचनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन किशोर कुमार साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि नृत्य जैसी सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास अनुशासन और टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह, समर्पण एवं शानदार प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। विद्यालय के निदेशक दिलीप कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास को भी समान महत्व देता है।











# इमराशन हाशमी की 'हक' ने ओटीटी पर किया धमाल

**मुंबई।** इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म 'हक' ओटीटी पर लोगों की पसंदीदा बनी हुई है। सिनेमाघरों में फिल्म नवंबर, 2025 को रिलीज हुई थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने से चूक गई। इसका नेट कलेक्शन लगभग 20 करोड़ रुपये के आसपास था। 2026 की शुरुआत में 'हक' को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया गया जिसके बाद से इसने दर्शकों और चर्चा दोनों के जरिए अपनी लोकप्रियता को कायम रखा है। यह 14 देशों में टॉप 10 में शामिल है। नेटफ्लिक्स की साप्ताहिक रैंकिंग के मुताबिक, 'हक' अपनी स्ट्रीमिंग के बाद से भारत में नंबर 1 पर कब्जा जमाए हुए है।

लाइफ Style

# नताली

## 'टॉक्सिक' के टीजर में मचाया तहलका

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' 19 मार्च को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का टीजर जारी हो चुका है जिसने आते ही सोशल मीडिया पर धूम मचा दी। इस टीजर में यश प्रभावशाली गैंगस्टर 'राया' का किरदार निभाते दिखे हैं।

उनकी कुछ सेकंड की एंट्री देखकर लोगों ने उन्हें आने वाली सुनामी बता दिया है। अभिनेत्री नताली बर्न भी टीजर का हिस्सा हैं जिन्होंने छोटा सा बोल्ड सीन देकर लोगों का ध्यान खींच लिया है। यूक्रेन के कीव में जन्मीं नताली गुस्लिस्टा उर्फ नताली, एक अमरीकी अभिनेत्री, मॉडल, लेखक और फिल्म निर्माता हैं। मिड-डे के मुताबिक उनकी उम्र का तो अंदाजा नहीं है, लेकिन हर साल 20 मई को वह अपना जन्मदिन मनाती हैं। पढ़ाई मॉस्को के बोल्शोई बैले स्कूल से हुई है। इसके अलावा वह लंदन के रॉयल बैले स्कूल की छात्रा भी रही हैं। नताली ने करियर की शुरुआत अभिनेत्री और मॉडलिंग से की। बाद में फिल्म निर्माता और लेखक भी बन गईं। नताली ने कई चर्चित फिल्मों के जरिए हॉलीवुड इंडस्ट्री में पहचान बनाई है। उन्हें 'निम्फ' (2014), 'द एक्सपेंडेबल्स 3' (2014), 'एक्सेलेरेशन' (2019) और 'टिल डेथ डू अस पार्ट' (2023) जैसी कई फिल्मों में देखा गया है। 'द लास्ट रिडेम्पशन' (2024) में डायना की भूमिका के लिए उन्हें पूर्वी यूरोप फिल्म महोत्सव का सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला था। निजी जिंदगी की बात करें तो अक्टूबर, 2024 में नताली ने एमी पुरस्कार विजेता निर्देशक, टिमोथी वुडवर्ड जूनियर से शादी की थी।




हॉलीवुड मसाला



# विलेन बनकर मचाएंगी तबाही...


**मुंबई।** ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा हमेशा से कुछ नया करने के लिए जानी जाती हैं। फिलहाल तो उनके प्रशंसक आगामी फिल्म 'वाराणसी' का इंतजार कर रहे हैं जिसे बनाने की जिम्मेदारी एसएस राजामौली ने उठाई है। 2027 में इसे रिलीज करने की योजना है। इस बीच, पता चला है कि प्रियंका डिज्नी+ पावर रेंजर्स सीरीज का हिस्सा बन सकती हैं। उससे भी बड़ी बात तो यह है कि सीरीज में उन्हें सुपरविलेन के किरदार में देखा जा सकता है।





# वीर की ब्रेकअप खबरों ने छेड़ी बहस...

**मुंबई।** साल 2026 का आगाज पूरी तरह से हुआ भी नहीं था कि बॉलीवुड में ब्रेकअप की खबर ने जोर पकड़ लिया है। तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया ने अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए हैं, इस अफवाह ने आते ही लोगों का ध्यान खींच लिया। प्रशंसक जानना चाहते हैं कि आखिर इस फैसले के पीछे की वजह क्या है। वहीं कुछ लोग गायक एपी ढिल्लों को जिम्मेदार बता रहे हैं। ब्रेकअप की खबर से सोशल मीडिया पर बहस छिड़ चुकी है। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के अनुसार, तारा और वीर का कथित ब्रेकअप हो चुका है। यह खबर मुंबई में एपी के कॉन्सर्ट विवाद के बाद आई है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने दावा करते हुए लिखा, 'फवाहें बढ़ती गईं। दबाव बढ़ता गया। रिश्ता खत्म हो गया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर गलती किसकी थी?'




# 'ओ रोमियो' में ऐसे अवतार में दिखे

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' लंबे समय से चर्चा में हैं। निर्देशन विशाल भारद्वाज ने ज्यादा इंतजार न करवाते हुए मोशन पोस्टर जारी कर दिया है। साथ में बता दिया है कि वह शाहिद को नए अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करने के लिए तैयार हैं। फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ग्रैंडसन के बैनर तले किया गया है। मोशन पोस्टर के साथ 'ओ रोमियो' की रिलीज तारीख और टीजर का खुलासा भी किया गया है। 'ओ रोमियो' के मोशन पोस्टर में शाहिद का खून से लथपथ खतरनाक दिखाई दिया है। जोर से चिल्लाते हुए उनके चेहरे के रहस्यमयी भाव देखने लायक हैं। फिल्म में तृप्ति डिमरी, नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, विक्रांत मैसी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल और अरुणा ईरानी प्रमुख किरदार में हैं।

# 'एवेंजर्स डूम्सडे' तोड़ेगी मार्वल का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की अगली फ्रेंचाइजी 'एवेंजर्स डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। लगातार आने वाले फिल्म और कलाकारों से जुड़े अपडेट लोगों के उत्साह को चरम पर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। अब नया अपडेट जानने के बाद मार्वल प्रशंसकों की खुशी ठिकाना नहीं होगा, क्योंकि ऐसा यूनिवर्स में पहली बार होने जा रहा है। दरअसल, 'एवेंजर्स डूम्सडे' की रिलीज से पहले इसकी अवधि को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। हालिया एक्स रिपोर्ट के अनुसार, मार्वल अपनी सबसे लंबी फिल्म को सिनेमाघरों में पेश करने की तैयारी में है। मतलब यह कि 'एवेंजर्स डूम्सडे' की अवधि करीब 3 घंटे 45 मिनट होने की उम्मीद है। इसमें एंड क्रेडिट्स और पोस्ट-क्रेडिट दृश्य भी शामिल हैं।

टीवी मसाला




# 'बिग बॉस मराठी 6' में दिखेंगे श्रेयस तलपड़े? खुद बताई सच्चाई

**मुंबई।** रितेश देशमुख का रियलिटी शो 'बिग बॉस' मराठी अपने छठे सीजन के साथ वापसी कर रहा है। करीब 100 दिन तक चलने वाले इस रियलिटी शो में 16 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिनके नाम जानने के लिए लोग काफी उत्सुक हैं। प्रतिभागियों की aकथित सूची में जैसे ही श्रेयस तलपड़े का नाम शामिल हुआ तो प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सोशल मीडिया पर जोर पकड़ रहीं इन चर्चाओं पर श्रेयस की प्रतिक्रिया भी आ गई है।

### श्रेयस ने लोगों की उम्मीदों पर फेर दिया पानी

जूम/टेली टॉक इंडिया के साथ बातचीत में श्रेयस ने 'बिग बॉस मराठी' के छठे सीजन में आने की खबरों पर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा, आजकल ऐसा कम देखने को मिलता है। यह झूठी अफवाहें हैं। प्लीज इन्हें नजरअंदाज करें। दुर्भाग्य से, अभिनेता सबसे आसान निशाना होते हैं और कुछ लोग सुर्खियां बटोरने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। अभिनेता ने स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल वह इस रियलिटी शो का हिस्सा बनने के बिल्कुल मूड में नहीं हैं।

### आज से दस्तक देगा 'बिग बॉस मराठी 6'

पिंकविला ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि अभिनेता श्रेयस को 'बिग बॉस मराठी 6' में बतौर प्रतियोगी देखा जाएगा। इस अपडेट से प्रशंसकों की खुशी सांतवें आसमान पर थी, लेकिन श्रेयस का स्पष्टीकरण उनका दिल तोड़ सकता है। 'बिग बॉस मराठी 6' 11 जनवरी से कलर्स मराठी और जियोहॉटस्टार पर हर रात 8 बजे प्रसारित होगा। उधर, श्रेयस के काम की बात करें तो उन्हें फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' और 'द गेम ऑफ गिरगिट' में देखा जाएगा।

# प्रभास के दीवाने नकली मगरमच्छ लेकर देखने पहुंचे 'द राजा साब'

मुंबई। दक्षिण सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। पहले दिन सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। लोग इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया दे रहे है। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है जिसे देखकर लोग भी हैरान हैं। दरअसल, प्रभास के दीवाने प्रशंसक फिल्म रिलीज का जश्न मनाने के लिए नकली मगरमच्छ लेकर सिनेमाघर पहुंचे हैं।

***द राजा साब के जैसे पहने कपड़े :*** वीडियो में प्रशंसकों का उत्साह देखने लायक है जो 'द राजा साब' की थीम से प्रेरित कपड़े पहनकर, हाथ में नकली मगरमच्छ लिए सिनेमाघरों में एंट्री कर रहे हैं और जोर-जोर से नारे लगा रहे हैं। यह फिल्म के ट्रेलर में एक दृश्य की नकल करने के लिए था, जिसमें प्रभास का किरदार मगरमच्छ से लड़ाई करता है। 'द राजा साब' पैन इंडिया हॉरर-कॉमेडी है जिसमें संजय दत्त, मालविका मोहनन, बोमन ईरानी, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और जरीना वहाब हैं।



# बॉलीवुड और साउथ के सितारों की महाजुगलबंदी ये नई जोड़ियां मिलकर लूटेंगी पूरा बॉक्स ऑफिस

**मुंबई।** आने वाले समय में बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की सीमाएं धुंधली होती नजर आएंगी। कई बड़ी फिल्मों में दोनों इंडस्ट्री के सितारे पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। जहां यश और कियारा आडवाणी फिल्म 'टॉक्सिक' में साथ आ रहे हैं, वहीं प्रियंका चोपड़ा और साउथ सुपरस्टार महेश बाबू भी 'वाराणसी' के जरिए एक बड़ी जुगलबंदी करने वाले हैं। साउथ और बॉलीवुड का ये महासंगम बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड्स की कहानी लिख सकता है।

***यश-कियारा और प्रियंका-महेश बाबू :*** साउथ सुपरस्टार यश और बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री कियारा आडवाणी पहली बार फिल्म 'टॉक्सिक' में साथ नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर 'धुरंधर 2' से होगी। उधर एसएस राजामौली अपनी नई फिल्म 'वाराणसी' ला रहे हैं, जिसमें साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू 'रुद्र' के अवतार में और प्रियंका चोपड़ा 'मंदाकिनी' के किरदार में नजर आएंगी। ये फिल्म 1,300 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट में बन रही है।

***प्रभास-तृप्ति डिमरी और रणबीर कपूर-साई पल्लवी :*** प्रभास और तृप्ति डिमरी को



निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा अपनी अगली फिल्म 'स्पिरिट' में साथ ला रहे हैं। फिल्म में तृप्ति, प्रभास से रोमांस करती दिखेंगी। ये उनकी पहली तेलुगू फिल्म होगी। निर्देशक नितेश तिवारी भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'रामायण' को पर्दे पर उतारने के लिए तैयार हैं। इस महाकाव्य फिल्म में रणबीर कपूर 'भगवान राम' की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, वहीं साउथ की बेहद प्रतिभाशाली अभिनेत्री साई पल्लवी 'माता सीता' के पवित्र किरदार को जीवंत करेंगी।


***कार्तिक आर्यन-श्रीलीला और जाह्नवी कपूर-राम चरण :*** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता कार्तिक आर्यन अब साउथ की लोकप्रिय अभिनेत्री श्रीलीला के साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। इस फिल्म से श्रीलीला बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। निर्देशक अनुराग बसु की इस फिल्म को एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा बताया जा रहा है। उधर साउथ के सुपरस्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर 'पेड्डी' नाम की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म के लिए साथ आए हैं। उनकी ये फिल्म 27 मार्च, 2026 को दुनियाभर में रिलीज होगी।

***अल्लू अर्जुन-दीपिका पादुकोण :*** निर्देशक एटली, जिन्होंने 'जवान' से बॉक्स ऑफिस हिला दिया था, अब अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण के साथ एक एक साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म ला रहे हैं। इसके जरिए पहली बार अल्लू और दीपिका की जोड़ी बन रही है। खबर है कि 600 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट वाली इस फिल्म में अल्ल्लू अर्जुन एक नहीं, बल्कि 3 अलग-अलग किरदारों में नजर आएंगे।

## विजेताओं का फैसला फरवरी में लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया जाएगा

# ऑस्कर लिस्ट में 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' की मजबूत दावेदारी

*__मुंबई।__ ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बेफ्टा) 2026 की पहली 'लॉन्ग लिस्ट जारी कर दी गई है, जिसने ऑस्कर से पहले पूरे हॉलीवुड में हलचल पैदा कर दी है। दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो ने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित कर दी है। उनकी फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' बेफ्टा की शुरुआती सूची में रिकॉर्ड 16 श्रेणियों में जगह बनाकर सबको पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, उनके सामने कई दिग्गज सितारे भी अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं।*



### पुरस्कार की दौड़ में ये पांच फिल्में शामिल

पॉल थॉमस एंडरसन के निर्देशन में बनी फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' इस साल दुनिया के प्रतिष्ठित फिल्म पुरस्कारों में से एक बेफ्टा की सबसे बड़ी दावेदार बनकर उभरी है। लियोनार्डो डिकैप्रियो अभिनीत इस फिल्म को रिकॉर्ड 16 श्रेणियों में जगह मिली है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म से लेकर सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता जैसी प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं। इसके अलावा 'हैमनेट' और 'सिनर्स' को 14, 'मार्टी सुप्रीम' को 13 और 'फ्रेंकस्टीन' ने 12 श्रेणियों में नामांकन हासिल किया है।

### हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आमने-सामने

अभिनय की श्रेणियों में इस बार मुकाबला बेहद कड़ा होने वाला है। लियोनार्डो डिकैप्रियो अपनी फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' के लिए रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। हालांकि, उन्हें कड़ी चुनौती दे रहे हैं टिमथी चालमेट, जिन्हें फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' के लिए नामांकित किया गया है। इसके अलावा, माइकल बी जॉर्डन ने अपनी फिल्म 'सिनर्स' और डेनियल कालुआ ने फिल्म 'द अपर रूम' के लिए इस प्रतिष्ठित सूची में अपनी जगह पक्की की है।

### निर्देशन की दुनिया के ये 6 बड़े नाम रेस में शामिल

सर्वश्रेष्ठ निर्देशन की श्रेणी में दुनिया के कुछ सबसे बेहतरीन निर्देशकों ने अपनी जगह बनाई है। रेस में सबसे आगे पॉल थॉमस एंडरसन का नाम है, जिन्होंने अपनी फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' के जरिए निर्देशन की नई परिभाषा लिखी है। उन्हें कड़ी टक्कर दे रही हैं ऑस्कर विजेता क्लो झाओ, जिनकी फिल्म 'हैमनेट' को लॉन्ग लिस्ट में खास तवज्जो मिली है। इस गौरवशाली सूची में रयान कूगलर, मैगी गिलेनहाल, जोश सफदी और योर्गोस लैंथिमोस जैसे नाम भी शामिल हैं।

### सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रियों में इनकी दावेदारी

दूसरी ओर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की श्रेणी में जेसी बकली फिल्म 'हैमनेट' के लिए सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। उनके साथ इस मुकाबले को और भी रोमांचक बना रही हैं डायोन ग्रिफिथ, जिन्हें फिल्म 'क्वीनी' के लिए सराहा गया है। इस सूची में रेबेका फालुसन (प्रिंसेस) और मरिना वैक्ट (द मदर) जैसी प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों को भी अपना मुरीद बना लिया।

### 14 जनवरी को होगा विजेताओं का ऐलान

बेफ्टा की इस लॉन्ग लिस्ट ने 2026 के पुरस्कार समारोह को बेहद रोमांचक बना दिया है। अब सबकी नजरें 14 जनवरी पर टिकी हैं, जब फाइनल नामांकन की घोषणा होगी। विजेताओं का फैसला फरवरी में लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## नेपाल चैंपियनशिप में जय भारत स्कूल के छात्रों ने जीता गोल्ड मेडल



**जांजगीर-चांपा।** एचजीएम जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर के छात्रों ने 10वीं इंडो-नेपाल चैंपियनशिप 2026 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर शानदार सफलता हासिल की है, जो 4 जनवरी से 8 जनवरी तक आयोजित की गई थी। रियान मिरी ने एथलेटिक्स में 11.15 सेकंड का प्रभावशाली समय निकालकर गोल्ड मेडल हासिल किया। सृजन भारती ने एसडीपीएफ डॉजबॉल टीम के एक गौरवशाली सदस्य के रूप में डॉजबॉल में गोल्ड मेडल जीता। विद्यालय के पूर्व छात्र गजेन्द्र कश्यप ( जनरल सेक्रेटरी छत्तीसगढ़) को रेफरी वीज़ल्स के लिए रखा गया था। यह उपलब्धि विद्यालय प्रबंधन के दिशा निर्देशन सहयोग व विद्यालय प्राचार्या का मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व लगन का परिणाम है। इन उल्लेखनीय उपलब्धियों ने स्कूल, जिले और राज्य को बहुत गर्व और सम्मान दिलाया है। विद्यालय परिवार ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में उनकी निरंतर सफलता व उपलब्धियों की कामना की है।

## विधायक ब्यास कश्यप की अनुशंसा से 47 लाख के विकास कार्य स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप की अनुशंसा से जांजगीर-चांपा क्षेत्रांतर्गत ग्रामों में



विकास कार्यो के लिए मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 47 लाख रूपये राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए विधायक ब्यास कश्यप की अनुशंसा पर मुक्तिधाम सह शेड निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से स्थानीय नागरिकों में हर्ष का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित ग्राम के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार एवं अन्य धार्मिक कार्यो के दौरान लोगों को होने वाली असुविधाओं को देखते हुए विधायक ब्यास कश्यप ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के समक्ष मुक्तिधाम सह शेड निर्माण का प्रस्ताव रखा था। विधायक की सक्रिय पहल और अनुशंसा के बाद विभाग द्वारा निर्माण कार्य को हरी झंडी दे दी गई। विधायक ब्यास कश्यप ने बताया कि जांजगीर-चांपा विधानसभा के ग्राम पेण्ड्री (जांजगीर), धुरकोट, गौद, मरकाडीह एवं अकलतरी में 9.40 लाख रूपये की लागत से मुक्तिधाम सह शेड निर्माण के लिए कुल 47 लाख रूपये राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुक्तिधाम में शेड का निर्माण होने से वर्षा और तेज धूप के समय लोगों को राहत मिलेगी तथा अंतिम संस्कार के दौरान आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। गांव के सरपंच तथा नागरिकों ने इस स्वीकृति के लिए विधायक ब्यास कश्यप का आभार व्यक्त किया है।

## भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बने विवेका गोपाल

**जांजगीर चांपा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने



भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की जिसमें जांजगीर चांपा जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत जांजगीर चांपा में सांसद प्रतिनिधि विवेका गोपाल को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य बनाया है विवेका गोपाल को प्रदेश कार्य समिति के सदस्य बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे। जनहित के कार्यों में उनकी निरंतर सक्रियता और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

साढ़े नौ करोड़ की लागत से होगा कायाकल्प

# भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में 'स्वदेशी परियोजना' की मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में स्थित भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में 'स्वदेशी परियोजना' को मंजूरी मिल गई है। शासन से 9 करोड़ 53 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से न केवल संस्थान का व्यापक पुनरुद्धार एवं विस्तार होगा, बल्कि जिले को हाथकरघा एवं हस्तशिल्प के क्षेत्र में राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान मिलेगी।

परियोजना की पूरी राशि सीएसपीजीएल मड़वा, गेल इंडिया, जेएसडब्ल्यू एमपीसीएल नरियरा के सीएसआर मद से वहन की जाएगी। परियोजना के क्रियान्वयन से राज्य शासन पर कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। यह त्रिवर्षीय परियोजना भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय हथकरघा विकास एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के माध्यम से संचालित की जाएगी तथा हाथकरघा उद्योग के पुनर्जीवन, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन की दिशा में इसे एक राष्ट्रीय मॉडल परियोजना के रूप में विकसित किया जाएगा। भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान जांजगीर-



चांपा में परियोजना के अंतर्गत में कक्षाओं एवं प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण किया जाएगा। अत्याधुनिक उपकरणों, स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना, प्रोडक्शन-कम-डिज़ाइन सेंटर का विकास, छात्रावास तथा डिजिटल कैंपस सुविधाओं का उन्नयन किया जाएगा।

**पाठ्यक्रम का आधुनिकीकरण-** स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम उन्नयन , हैंडलूम-आधारित विषयों की वृद्धि, व्यावसायिक कौशल विकास पर विशेष फोकस तथा हिंदी माध्यम में शिक्षण। अल्पकालिक मॉड्यूलर पाठ्यक्रम-बुनाई, रंगाई, डिज़ाइन एवं विपणन के क्षेत्र में 3 से 6 माह के कौशल उन्नयन कार्यक्रम। फैकल्टी विकास-प्रतिष्ठित वस्त्र संस्थानों एवं उद्योग विशेषज्ञों के सहयोग से प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।

**बाजार मांग के अनुरूप नए डिज़ाइन और ब्रांडिंग-** स्वदेशी परियोजना के तहत बाजार की मांग के अनुसार नए डिज़ाइन विकसित किए जाएंगे। स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता, फिनिश एवं विविधता में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएंगी। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों तथा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से जांजगीर-चांपा हैंडलूम को एक सशक्त ब्रांड के रूप में स्थापित करने की रणनीति बनाई गई है।

### रोजगार, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता पर फोकस

स्वदेशी परियोजना के अंतर्गत बाजार की बदलती मांग और आधुनिक रुझानों के अनुरूप कुशल कारीगरों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे कोसा वस्त्रों की गुणवत्ता, डिज़ाइन और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। परिणामस्वरूप स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, युवाओं एवं महिलाओं को आजीविका के साधन मिलेंगे और चांपा का कोसा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में और अधिक सशक्त होकर उभरेगा।

### तीन वर्षों में 900 बुनकरों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

परियोजना के अंतर्गत प्रति वर्ष 300 तथा तीन वर्षों में कुल 900 बुनकरों, कारीगरों, महिला उद्यमियों एवं युवाओं को आधुनिक हथकरघा एवं वस्त्र तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के साथ-साथ प्लेसमेंट, स्वरोजगार एवं उद्योग से जुड़ाव पर विशेष फोकस रहेगा। स्वदेशी परियोजना केवल एक संस्थान के पुनरुद्धार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जांजगीर-चांपा एवं आसपास के क्षेत्रों की पारंपरिक कला, संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है।



उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी देते यातायात प्रभारी।

## यातायात नियमों का पालन करने विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छात्रों एवं आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा, अकलतरा में शनिवार 10 जनवरी को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा दिवस के अवसर पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी सत्येंद्र क्षत्रिय ने विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव, यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षित परिवहन के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा दिवस अब 1 से 31 जनवरी तक "राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह" के रूप में मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना और नागरिकों में जिम्मेदार यातायात व्यवहार विकसित करना है। कार्यक्रम का मुख्य फोकस विद्यार्थियों को कम उम्र में वाहन न चलाने, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नशे में वाहन न चलाने तथा अपने परिवार व समाज को भी सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने पर रहा। विद्यार्थियों ने नियमों को समझते हुए उनका पालन करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या अंजली दीक्षित ने आभार प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों का सक्रिय सहयोग रहा।

**खास बात**

- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता के उद्देश्य से अघोर विद्यापीठ में सेमिनार आयोजित

## महंत में चल रहे शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं रुद्राभिषेक में हुए शामिल सभापति



**जांजगीर चांपा।** ग्राम महंत में रामाधार राठौर के निवास में चल रहे शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं रुद्राभिषेक में 9 जनवरी को जिला पंचायत के सभापति एवं भाजपा युवा नेता राजकुमार साहू कथा श्रवण के लिए शामिल हुए। सभापति श्री साहू ने भगवान शिव जी की पूजा अर्चना कर व्यासपीठ पर विराजित पंडित बुद्धेश्वर तिवारी जी से आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिवपुराण में बताया गया है कि भगवान शिव ही परम सत्य और ब्रह्मांड के आधार हैं। इसकी कथा सुनने से मनुष्य के पापों का नाश होता है और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसमें पंचाक्षर मंत्र (ॐ नमः शिवाय) की महिमा, रुद्राक्ष धारण करने के लाभ और भस्म के महत्व को समझाया गया है।इस अवसर पर मुख्य यजमान रामाधार राठौर,श्रीमती मांडवी राठौर, कुंदन राठौर,प्रकाश राठौर,मुकेश राठौर,चंद्रकला राठौर, पूजा राठौर,ज्योति राठौर,बृंदावन सिंह,राजेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## रक्तदान कर किसी जरूरतमंद की बचाई जा सकती है जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम पंचायत मुड़पार में रविवार को एक सराहनीय पहल के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

- मुड़पार में आयोजित शिविर में 50 से अधिक लोगों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

रक्तदान को महादान मानते हुए ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता से यह साबित कर दिया कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी कितनी मजबूत है। इस रक्तदान शिविर की सबसे खास बात यह रही कि इसमें महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से देखने को मिली। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं का रक्तदान में कम हिस्सा देखने को मिलता है,लेकिन ग्राम पंचायत मुड़पार में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने इस धारणा को तोड़ते हुए एक नई मिसाल कायम की।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस रक्तदान शिविर में करीब 50 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं में युवा,महिलाएं और बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग शामिल रहे। रक्तदान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही, जिन्होंने रक्तदाताओं की जांच कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया। शिविर में स्वच्छता,स्वास्थ्य सुरक्षा और प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे रक्तदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। ग्राम पंचायत द्वारा रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया। पंचायत की ओर से रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, वहीं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हेलमेट भी भेंट किए गए। पंचायत के इस प्रयास की ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। सम्मान पाकर रक्तदाताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और कई लोगों ने भविष्य में भी रक्तदान करने की इच्छा जताई। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है,जिससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे समय-समय पर रक्तदान करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। साथ ही उन्होंने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की विशेष रूप से प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। ग्राम पंचायत मुड़पार का यह रक्तदान शिविर न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम रहा,बल्कि सामाजिक एकता और जागरूकता का भी प्रतीक बना। ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति भरोसा बढ़ाते हैं और समाज में सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं। ग्रामीणों के सहयोग और पंचायत की पहल से यह शिविर पूरी तरह सफल रहा,जो आने वाले समय में अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणा बनेगा।



रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटों देकर सम्मानित करते अतिथि।

## करही में गुरु घासीदास जयंती समारोह 16 से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत करही में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन 16 जनवरी शुक्रवार से रखा गया है। इस संबंध में ग्राम करही निवासी हितेंद्र कुमार बघेल ने बताया कि तीन दिवसीय संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में प्रथम दिवस 16 जनवरी दिन शुक्रवार को कलश स्थापना के साथ शुभारंभ किया जाएगा। द्वितीय दिवस 17 जनवरी दिन शनिवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इसके साथ ही तृतीय दिवस 18 जनवरी दिन रविवार को पंथी प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में पहुंचने वाले पंथी पार्टी के लिए प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपए रखा गया है। द्वितीय पुरस्कार 16000 और तृतीय पुरस्कार 11000, चतुर्थ पुरस्कार 7000, पंचम पुरस्कार 5000, षष्ठम पुरस्कार 4000 एवं सप्तम पुरस्कार 3000 रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारियां गुरु घासीदास जयंती समिति करही के द्वारा की जा रही है।

## 53 करोड़ से होगा टेमर-मालखरौदा-छपोरा मार्ग का चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

टेमर-मालखरौदा-छपोरा मार्ग का चौड़ीकरण एवं नवीनीकरण के लिए 53 करोड रुपए का टेंडर हो चुका है। साथ ही ठेकेदार को कार्य आदेश भी दिया जा चुका है। यह सड़क 11 माह की अवधि में पूरा किया जाना है। कार्य आदेश 29 दिसंबर 2025 को जारी किया गया है। लोक निर्माण विभाग के देखरेख में यह कार्य होगा। कार्य की लंबाई 29 किलोमीटर है जबकि सड़क की चौड़ाई 7 मीटर होगा, जहां आबादी है वहां पर सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। साथ ही नाली भी बनेगा ताकि सड़क को खराब होने से बचाया जा सके। इसके अलावा एक नग बड़ा पुल सकर्रा में बनेगा। साथ ही पक्की सड़क के दोनों और डेढ़ मीटर शोल्डर बनेगा।

सड़क का निर्माण कार्य जनवरी 2027 के अंतिम सप्ताह तक ठेकेदार को पूरा करना है वहीं सड़क के बन जाने से क्षेत्र के लोगों को चमचमाती सड़क का लाभ मिलेगा, जिससे लोग जिला मुख्यालय शक्ति आसानी से आ जा सकेंगे। यह पहली बार हो रहा है जब 10 वर्ष बाद ही सड़क का पुनः नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। 2016 में इससे पहले सड़क का नवीनीकरण का कार्य किया गया था। जब क्षेत्र के तत्कालीन विधायक कुमार युद्ध वीर से जूदेव द्वारा जनता की मांग पर प्राथमिकता के साथ सड़क का नवीनीकरण कराया था। 2016 से पहले टेमर-मालखरौदा-छपोरा



मार्ग में इतने गड्ढे होते थे कि लोग इस क्षेत्र में दो पहिया चार पहिया वाहन से आने से घबराते थे, वहीं वर्तमान विधायक रामकुमार यादव ने सड़क की परफॉर्मेंस अवधि समाप्त होने के बाद पुनः नवीनीकरण के लिए लगातार प्रयास किया। साथ ही चुनाव से पहले ही इसके बजट में शामिल कराया गया था जिसकी वजह से अब क्षेत्र के लोगों को 1 साल बाद चमचमाती पक्की सड़क का लाभ मिलेगा । सड़क निर्माण में गुणवत्ता बनी रहे इसके लिए क्षेत्र के सरपंच जनपद सदस्य ,जिला सदस्य तथा जनप्रतिनिधियों को भी इस दिशा में जागरूक होकर ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे कार्य को जानकारी लेने की जरूर होगा ताकि सड़क निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो और इसका लाभ लंबे समय तक क्षेत्र के लोगों को मिले।

## रक्तदान शिविर और प्रतिभा सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

खरौद के तिवारीपारा में स्थित मिडिल स्कूल में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में सोमवार 12 जनवरी को युवा दिवस के अवसर पर सुबह 9:30 बजे से 'रक्तदान शिविर' आयोजित होगा, जो शाम 5 बजे तक चलेगा।

रक्तदान शिविर में शिवरीनारायण के संकट मोचन ब्लड बैंक द्वारा सहभागिता निभाई जाएगी। रक्तदान शिविर शुभारंभ अवसर पर अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता रवि परसराम भारद्वाज, एडिशनल एसपी उमेश कश्यप, पामगढ़ तहसीलदार महेंद्र लहरे, खरौद नपं अध्यक्ष गोविंद यादव, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, शिवरीनारायण भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, कोड़ाभाट मण्डल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह, पामगढ़ मण्डल अध्यक्ष यशवंत साहू, नवागढ़ मण्डल अध्यक्ष समर्थ सिंह मौजूद रहेंगे। दूसरी ओर दोपहर 1:30 बजे से वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित होगा, जहां पांचवीं और आठवीं के प्रतिभावान 12 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश होंगी। अध्यक्षता शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद के प्राचार्य डॉ. जीसी भारद्वाज करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत की अध्यक्ष सत्यलता मिरी, एडिशनल एसपी ट्रैफिक उदयन बेहार मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में खरौद नपं के अध्यक्ष गोविंद यादव, शिवरीनारायण नपं के अध्यक्ष राहुल थवाईत, माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य चंद्रकांत तिवारी, डीईओ अशोक सिन्हा, सॉफ्टबॉल की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शालू डहरिया ( पामगढ़ ), खरौद नपं के उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, पामगढ़ बीईओ रामेंद्र जोशी, पार्षद नेहरू राही, डॉ. हरेकृष्ण साहू, स्कूल जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष उग्रसेन साहू, शासकीय उमावि खरौद के प्राचार्य आरके गोस्वामी मौजूद रहेंगे। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू स्मृति आयोजन समिति के संयोजक राजकुमार साहू ने लोगों से रक्तदान शिविर और प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होने की अपील की है। दोनों कार्यक्रम को सफल बनाने में इंदलदेव सेवा समिति और युवा जागरण समिति के सदस्यों की भी सक्रिय भागीदारी है।

# स्वयंसेवकों को दी गई व्यक्तित्व विकास की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विद्यासागर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम आमलीपाली में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन 10 जनवरी को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर "नशा मुक्त समाज के लिए युवा अभियान" थीम पर शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

**खास बात**

- अमलीपाली में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर संपन्न।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव तरुण धर दीवान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर शिक्षण समिति अकलतरा के सचिव वीरेंद्र कुमार जैन ने की। विशिष्ट अतिथियों में रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रविंद्र कौर चौबे, जिला संगठन रासेयो बी.के. पटेल, ग्राम आमलीपाली की सरपंच श्रीमती उषा कन्हैया गंधर्व, उपसरपंच सुरेश कुमार सिंह, महावीर शिक्षण समिति के पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि श्री दीवान ने छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रेरक उद्बोधन देते हुए शिविर को "बेस्ट शिविर" घोषित करने की घोषणा की। डॉ. रविंद्र कौर चौबे द्वारा निरीक्षण के उपरांत भी शिविर को सर्वश्रेष्ठ बताया गया। शिविर के दौरान विभिन्न बौद्धिक सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें युवाओं के व्यक्तित्व विकास, शिक्षा एवं रोजगार, लोकगीत-संगीत, नशामुक्ति, स्वच्छ व स्वस्थ जीवनशैली तथा साहित्य की भूमिका जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा रैली, नुक्कड़ नाटक और जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य विपिन पांडे, कार्यक्रम अधिकारी विष्णु साहू के नेतृत्व में आयोजित यह शिविर सामाजिक चेतना, सेवा और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।



अतिथि के हाथों प्रशस्ति पत्र लेते स्कूल स्टाफ।

